Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 16-05-2006

Participants : Kumar Shri Shailendra

an>

Title : Need to provide compensation to the farmers whose land have been acquired for setting up units of NTPC at Unchahar, district Rai Bareilly, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : महोदय, उत्तर प्रदेश में जनपद रायबरेली, एक ऐतिहासिक जिला है, जहां ऊंचाहार में पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 इंदिरा गांधी ने एन.टी.पी.सी. स्थापित करते वक्त कहा था कि जिन किसानों की भूमि एनटीपीसी की इकाइयों को बनाने हेतु अधिग्रहीत की जायेगी, उन्हें उचित मुआवजा के साथ ही उनके परिवार वालों को नौकरी दी जायेगी। लेकिन आज तक उन्हें न तो नौकरी दी गयी है न ही उचित मुआवजा। इनमें ज्यादातर अनुसूचित जाति के परिवार के लोग हैं जो बहुत ही गरीब एवं छोटे कृाक हैं। अभी रायबरेली लोक सभा के उप-चुनाव में मैंने जब दौरा किया तो यह पाया कि एस.टाइड राख जो एनटीपीसी से निकलता है उसमें एक बांध का निर्माण किया गया है, जिसमें कृाकों की हजारों एकड़ जमीन को अधिग्रहीत किया गयाह और आज भी भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। बांध और झील के कारण दर्जनों गांव एक टापू की तरह दिखायी पड़ते हैं, जिसमें निम्न गांव हैं- सुमेर बाग, झाला बाग, रायपुर, बल्दूका पुरा, गौसपुर, पावरगंज जैसे दर्जनों गांव जो विकास खंड रोहनिया नवसृजित विकास खंड है। किसानों की स्थिति अत्यंत दयनीय है जिनके पास खेती करने योग्य जमीन नहीं है, जिस कारण दर्जनों गांवों के परिवार के लोग अपने कारोबार को छोडकर अन्य जिला और प्रदेशों में पलायन कर रहे हैं।

मैं, भारत सरकार से मांग करता हूं कि सम्पूर्ण प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करायी जाये और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा, नौकरी या प्रभावित गांवों को अन्यत्र विस्थापित किया जाये।